पहली छमाही में आईपीओ से जुटायी गयी पाँच गुना पूँजी

चालू वित्त वर्ष 2015-16 की पहली छमाही में विभिन्न कंपनियों ने आईपीओ के जरिये पूँजी बाजार से 4,950 करोड़ जुटाये। इसके अलावा कंपनियों ने स्टॉक एक्सचेंज मैकेनिज्म (ओएफएस) के माध्यम से बिक्री प्रस्तावों के जरिये 12,916 करोड़ रुपये जुटाये। यह जानकारी प्राथमिक पूँजी बाजार पर देश की प्रमुख डेटाबेस कंपनी प्राइम के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया ने दी है। आईपीओ से जुटायी गयी पूँजी पिछले वित्त वर्ष की समान छमाही के मुकाबले करीब पाँच गुना है। पिछली समान छमाही में महज 1,017 करोड़ रुपये जुटाये गये थे। संख्या के मामले में भी पिछली समान छमाही में जहाँ 25 आईपीओ आये थे, वहीं इस बार 39 आईपीओ पेश हुए।

इन 39 आईपीओ में 12 आईपीओ मुख्य धारा की कंपनियों के थे जिन्होंने 4,777 करोड़ रुपये (कुल जुटायी गयी पूँजी का 97%) जुटाये। शेष 27 आईपीओ एसएमई के थे जिन्होंने 173 करोड़ रुपये जुटाये। बड़ी कंपनियों में सबसे बड़ा आईपीओ यूएफओ मूवीज (600 करोड़ रुपये) और नवकार कॉर्पोरेशन (600 करोड़ रुपये) का था जबकि एसएमई में सबसे बड़ा आईपीओ आम्रपाली फिनकैप (40 करोड़ रुपये) का था। ओएफएस से जुटाये गये कुल 12,916 करोड़ में से 99% यानी 12,733 करोड़ रुपये की पूँजी आरईसी (1610 करोड़ रुपये), पीएफसी (1673 करोड़ रुपये), डीसीआईएल (53 करोड़ रुपये) और आईओसी (9,396 करोड़ रुपये) के विनिवेश से जुटायी गयी। ■